Raga of the Month July 2021 Raganga Bihag

रागांग बिहाग

बिलावल थाटके रात्रिगेय रागोंमे राग बिहाग एक महत्वका स्थान रखता है। पुराने ग्रंथोंमे इस रागका वर्णन मिलता नही । मगर लगभग ४०० - ५०० वर्षोसे यह राग प्रचारमे है। इस रागमें सब स्वर शुद्ध लगते हैं। संगीत एक परिवर्तनीय कला होनेके कारन आजकल राग बिहागमे तीव्र मध्यम विवादी स्वरके नाते गुप्त रूपमें (प [मं] ग म ग), पंचमके साथ प्रयुक्त होता है।

बिहाग पूर्वाङ्गप्रधान राग है, गांधार और निषाद वादी- संवादी सर्वसम्मत है, गायन-वादन समय रात्रिका दूसरा प्रहर है। उसकी जाती ओडव संपूर्ण है। रिषभ और धैवत आरोहमे वर्ज्य और अवरोहमे दुर्बल हैं। **आरोह**- ऩि सा, ग म, प, नि सां; **अवरोह**- सां नि, ध प, म ग, म प , म ग , रे सा ;

राग बिहागकी **रागांग वाचक विशेष स्वर संगतियाँ** इस प्रकार हैं -

ऩि SS सा, ग SS, ग->सा , ग म प ग म [रे]ग रे सा , प->ग , ग म प नि सां नि->प, ग म प ध ग म ग , प [मं] ग म ग , ध -ग संगती, **स्वरकण प्रयोग** – [रे]सा, [सा]ऩि, [म]ग, [नि]प, [ध]नि, [रे]ग;
मींड प्रयोग - ग-> सा, नि-> प, प-> ग ; { अवरोहमे रे और ध बिलकुल वर्ज्य कर देनेसे अन्य रागोंकी छाया दीखनेका संभव है- जैसे- प ग , प ग सा ये स्वर समूह राग शंकरा और मालश्री में प्रयुक्त होते है।}

आजके ऑडियोमें पहले पंडित के जी गिंडे जीसे लेक्चर डेमो में प्रस्तुत राग बिहाग का विवरण सुनेंगे। उसके पश्चात उन्हीसे पंडित दिनकर कायकिणी ने रची हुई ठुमरी सरीखी बंदिश सुनेंगे- जिसमें काव्य, सूर और लय का मनोहारी संगम हुआ है- "पैंजनीया छमके छमकन लागी, आवूं कैसे तुम्हरे पास मितवा।। स्था।। जाग परेंगे वो तो अगल बगलके , कौन उपाव करें पैंजन बोले ना।।" ताल इकवाई । बादमे उस्ताद अमान अली खाँने ९ मात्रेके मत्त तालमे रची हुई बंदिश " आज मुसकात सखी " पंडिता शुभा जोशी से सुनेंगे और अन्तमे पंडित दिनकर कायकिणी ने राग सावनी बिहाग में द्रुत एकताल में रची हुई बंदिश " वा रे जगतके खिलाडी " पंडित के जी गिंडे जीसे सुनेंगे ।

आभार- "रागांग राग विवेचन "- पंडित यशवंत महाले , पंडिता शुभा जोशी, श्री अजय गिंडे.

०१ -०७ -२०२१

Link to the list of 120+ Raga of the month articles

@ **Archive of ROTM Articles** - http://oceanofragas.com/Raga_Of_Month_Alphabetically.aspx

Links to Lecture Demonstrations of Raga Bihag

Ustad Yunus Hussain Khan Lec Dem Forms of Raag Bihag
@ https://www.youtube.com/watch?v=1QfDGSqZGXQ

Dr SaritaPathakYajurvedi

@ https://www.youtube.com/watch?v=3aMEh_wSDmw